पीडब्ल्यूआर

पीआर नंबर 72424

सुपरमाइक्रो एक सान जोस

विश्व में सर्वरों के तीसरे सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता का स्थान पाने वाली सुपरमाइक्रो ने अपने सिलिकॉन वैली कॉर्पोरेट मुख्यालय का विस्तार किया

सान जोस, कैलिफोर्निया, 24 फरवरी, 2018, पीआरन्यूजवायर– एशियानेट।

– नया भवन 22 सुपरमाइक्रो के अमेरिका स्थित इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग और सेवा मुख्यालय को कंपनी के निरंतर तीव्र विकास में सहयोग करेगा

इंटरप्राइज कंप्यूटिंग, स्टोरेज, नेटवर्किंग समाधानों और ग्रीन कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजी में वैश्विक अग्रणी कंपनी सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक. (नास्दैक, एसएमसीआई) ने आज घोषणा की कि इसने अपने नया बिल्डिंग 22 के भव्य उद्घाटन के साथ दो मिलियन वर्गफुट में अपने सिलिकॉन वैली मुख्यालय का विस्तार किया है।

वीडियो–

https://mma.prnewswire.com/media/645605/Supermicro_Expands_Silicon_Valley_Campus.mp4

फोटो –

https://mma.prnewswire.com/media/645602/Supermicro_State_of_the_Art_Rack_Integration.jpg

इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग और ग्राहक सेवा से लैस यह कॉर्पोरेट मुख्यालय सुपरमाइक्रो को सिलिकॉन वैली तथा वैश्विक स्तर पर इसके सर्वरों को तैयार करने में एकमात्र टीयर 1 सिस्टम्स वेंडर बनाता है। सुपरमाइक्रो ने विश्व (स्रोतः आईडीसी) में तीसरा सबसे बड़ा सर्वर सिस्टम सप्लायर का दर्जा प्राप्त किया है । रैंकिंग में इस्तेमाल ब्रांडेड समाधान कारोबार के अलावा सुपरमाइक्रो बड़े ओईएम तथा सिस्टम इंटीग्रेटर ग्राहकों को भी सेवा देती है और 2017 में इसने 1.2 मिलियन यूनिट से अधिक का निर्यात किया है। यह नवीनतम भवन पांच में से दूसरा प्रतिष्ठान है जिसे कंपनी ने सान जोस मर्करी न्यूज द्वारा औपचारिक रूप से 36 एकड़ प्रॉपर्टी निर्मित करने की योजना बनाई है। इसके अलावा कंपनी वैश्विक स्तर पर अपने अन्य प्रतिष्ठानों का विस्तार जारी रखे हुए है।

सुपरमाइक्रो के अध्यक्ष एवं सीईओ चार्ल्स लियंग ने कहा, "यहां अपने सिलिकॉन वैली कैंपस में डिजाइन, इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग और सेवा टीमें सब कुछ रखते हुए सुपरमाइक्रो तीव्रता के साथ इस उद्योग की नवीनतम टेक्नोलॉजी के अनुकूल होने की क्षमता रखती है और यह अपने ग्राहकों की जरूरतों और विशेष आवश्यकताओं को पूरा करती है जो प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए एक बड़ा फायदा है। पिछले साल वैश्विक स्तर पर हमारा कारोबार 1.2 मिलियन से अधिक सर्वर और स्टोरेज सिस्टम के निर्यात के साथ बड़ी तेजी से आगे बढ़ना जारी रहा। इसे देखते हुए अपने तीव्र विकास को बनाए रखने के लिए यह हमारी उत्पादन क्षमता और दक्षताओं को बढ़ाना महत्वपूर्ण हो गया है। ताईवान में हमारे टेक्नोलॉजी कैंपस के दो नए प्रतिष्ठान खुलने के साथ ही बिल्डिंग 22 की शुरुआत यह सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त क्षमता और रैक स्तर का एकीकरण प्लग और क्षमताएं जुटाने की सुविधा देता है कि हम अपने उद्योग, डाटासेंटर, चैनल और क्लाउड ग्राहकों को यथासंभव सबसे बेहतरीन सेवा दे सकें।"

सान ज ोस के मेयर सैन लिकार्डो ने कहा, "हम सान जोस में निरंतर निवेश करते रहने वाली और विकसित हो रही सुपरमाइक्रो जैसी अभिनव, स्थायी और सामुदायिक मानसिकता वाली कंपनी को देखकर रोमांचित हैं और अब हम अभी तथा आने वाले वर्षों में उनकी निरंतर सफलता की कामना करते हैं।"

मैनेक्स के अध्यक्ष एवं सीईओ जीन रसेल ने कहा, "मैन्युफैक्चरिंग एक्सेलेंस की कंपनी—मैनेक्स डिजाइन एवं इंजीनियरिंग उत्कृष्टा के जरिये निरंतर विकास के लिए सुपरमाइक्रो का आभार व्यक्त करना चाहती है। वर्कफोस, भौतिक संयंत्र और उपकरणों में इसका निवेश सिलिकॉन वैली के इकोसिस्टम और इसके वैश्विक उपभोक्ता आधार के लिए महत्वपूर्ण है। एनआईएसटी मैन्युफैक्चरिंग एक्सटेंशन पार्टनरशिप की नेटवर्क सदस्य और सीएमटीसी कैलिफोर्निया नेटवर्क मैनेक्स सुपरमाइक्रो की एक गौरवशाली पार्टनर है।"

इंटेल जैसे प्रमुख भागीदारों के साथ जुड़कर काम करते हुए सुपरमाइक्रो बाजार में पहले सर्वर और स्टोरेज टेक्नोलॉजी नवोन्मेषणों के साथ नेतृत्व करने के लिए डिजाइन और इंजीनियरिंग में अपनी ताकत का लाभ उठाती है। कंपनी लोकप्रिय बिगट्विन (टीएम) और सुपरब्लेड (उत्पाद) श्रृंखलाओं समेत एडवांस्ड सर्वर और स्टोरेज समाधानों में इस उद्योग के सबसे व्यापक पोर्टफोलियो की पेशकश करती है और रैक प्लग तथा प्ले क्षमताओं के साथ रैक स्तर का एकीकरण प्रदान करती है।

सुपरमाइक्रो की ताजा खबरों और घोषणाओं के बारे में जानकारी के लिए इसे फेसबुक (https://www.facebook.com/Supermicro) और ट्विटर (http://twitter.com/Supermicro_SMCI) पर फॉलो करें।

सुपरमाइक्रो कंप्यूटर, इंक. (नास्दैक, एसएमसीआई) के बारे में

उच्च निष्पादन तथा उच्च प्रभावशीलता वाली सर्वर टेक्नोलॉजी में अग्रणी नवप्रवर्तक कंपनी सुपरमाइक्रो (आर) (नास्दैक, एसएमसीआई) पूरी दुनिया में डाटा सेंटर, क्लाउड कंप्यूटिंग, इंटरप्राइज आईटी, हडूप—बिग डाटा, एचपीसी तथा एम्बेडेड सिस्टम्स के लिए एडवांस्ड सर्वर बिल्डिंग ब्लॉक सॉल्यूशंस (आर) की एक शीर्ष प्रदाता कंपनी है। सुपरमाइक्रो अपनी ''वी कीप आईटी ग्रीन (आर)'' मुहिम के जरिये पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और ग्राहकों के लिए बाजार में उपलब्ध सबसे ऊर्जा प्रभावी, पर्यावरण अनुकूल समाधान पेश करती है।

सुपरमाइक्रो, सुपरसर्वर, सर्वर बिल्डिंग ब्लॉक सॉल्यूशंस और वीकीप आईटी ग्रीन सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक. के व्यापार चिह्न और या पंजीकृत व्यापार चिह्न हैं।

एसएमसीआई—एफ

संपर्कः माइकल केलोद्रिच, सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक.
MichaelKalodrich@supermicro.com

स्रोतः सुपर माइक्रो कंप्यूटर, इंक.

पीआरन्यूजवायर— एशियानेटः रंजन